Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding killing of innocent Civilians, Pandits and Army Personnel in J&K.

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): सभापति महोदय, आज हम सब इस बात की चिंता कर रहे हैं और यह बहुत चिंता का विषय है कि जम्मू-कश्मीर घाटी में बेगुनाह लोगों के जान जाने की सिलसिला थम नहीं रहा है । कभी आतंकवादियों की गोली से, कभी फौजियों की गलती से बेगुनाह लोगों की जान जाने का सिलसिला बंद नहीं हो रहा है ।

सर, इस सदन के अंदर बड़े सीना तान कर कहा गया था कि धारा 370 के हट जाने के बाद, कश्मीर की बात छोड़ दीजिए, पीओके को कब्जे में लाएंगे और अक्साई चीन को कब्जे में लाएंगे, लेकिन आज हालत यह हो गई है कि जम्मू-कश्मीर से पंडित भाग रहे हैं । पंडितों को खत्म करने के लिए आतंकवादियों की तरफ से सूची बनाई जा रही है । वह सूची सरकारी दफ्तर से निकाली जा रही है । इस हालत में हम चाहते हैं कि जम्मू-कश्मीर के मसले पर सदन में विस्तार से चर्चा हो । फौजियों की गलती से बेगुनाह लोगों की जानें गई हैं । यह खबर आज के पेपर में निकला है । राजौरी में यह घटना घटी है, जहां कमल कुमार, सुरिन्दर कुमार की जान गई है । इस विषय पर सरकार कम से कम एक बयान तो दे । इस विषय पर सरकार का बयान देना जरूरी है ।

माननीय सभापति: आप इस विषय के बारे में बीएसी में चर्चा कर लीजिए ।

श्री सुनील बाबूराव मेंढे जी

... (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: BAC is the right forum to decide.

… (*Interruptions*)